तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **मो. आमीन** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353747602685285	न. व तारीख अहकाम जो इरा हुक्म की तामील में जारी हुए
17/06/25	अपीलार्थी मो आमीन निवासी नागोरी गेट के अंदर विशनपुरा जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 20.03.2025 को शहनात बानो पुत्री सलीम सौलंकी वर्तमान में मदरसा गर्ल्स गरीब नवाज अपर प्राइमरी कुरेशी न्याति नोहरा बकरा मण्डी पेरा–टीचर कार्य, अवधि–कार्य सेलरी स्लिप से सम्बधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 505 दिनांक 25.05.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई तृतीय पक्ष की होने के फलस्वरूवरूप सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8(जे) के प्रावधान अनुसार प्रार्थी को नियम से अवगत करवाते हुए सूचना कार्यालय के पत्रांक 1531 दिनांक 34/03/2025 द्वारा उपलब्ध करवा दी गयी। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.06.17 14:30:49 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15966080